# Case Study

3 विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व सर्वाधिक है। विद्यार्थियों का जीवन ज्ञान प्राप्त करने और अध्ययन करने का समय होता है। इसके लिए विद्यार्थियों को दो बातों की ओर विशेष ध्यान देना होता है। पहली बात मन को केंद्रित रखना और दूसरी बात शिक्षण संस्था के नियमों पर चलना। ये दोनों बातें अनुशासन से ही पूरी हो सकती हैं। अनुशासन में ही वह शक्ति है, जो विद्यार्थियों के मन को केंद्रित रख सकती है और उन्हें शिक्षण संस्था के नियमों पर चला सकती है। इसी के बल पर वे सफलता के आसमान छू सकते हैं, जो उनका लक्ष्य होता है।

(क) विद्यार्थी जीवन में किस चीज़ का सर्वाधिक महत्व है?

..........................................................................................................

(ख) विद्यार्थियों को किन बातों की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए?

..........................................................................................................

(ग) विद्यार्थियों के मन को केंद्रित रखने के लिए किस चीज़ की आवश्यकता होती है?

..........................................................................................................

(घ) विपरीतार्थक शब्द लिखिए–विशेष, ज्ञान, सफलता।

..........................................................................................................

(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

..........................................................................................................